भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- †713

उत्तर देने की तारीख - 23/07/2026

जनजातीय छात्रों के लिए छात्रावासों की स्थापना

†713. श्री मनोज कुमार:

क्या **जनजातीय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बिहार के रोहतास और कैमूर जिलों के अनुसूचित जनजाति के छात्रों को आवासीय छात्रावास सुविधाओं की अपर्याप्त उपलब्धता के कारण शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को विगत पांच वर्षों के दौरान बिहार सरकार से रोहतास और कैमूर जिलों में जनजातीय छात्रावासों की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए शिक्षा तक पहुंच में सुधार करने के लिए किसी केंद्रीय योजना के अंतर्गत रोहतास और कैमूर में बालक और बालिका जनजातीय छात्रावास स्थापित करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त योजना के अंतर्गत रोहतास और कैमूर में प्रस्तावित बालक और बालिका जनजातीय छात्रावासों के कार्यान्वयन के लिए प्रस्तावित स्थान, क्षमता और समय-सीमा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

(क) और (ख): धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) के तहत, स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसईएल), शिक्षा मंत्रालय, अनुसूचित जनजाति (एसटी) के छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच में सुधार हेतु समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) के माध्यम से एक प्रमुख शैक्षिक उपाय (हस्तक्षेप) को क्रियान्वित (लागू) कर रहा है। समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) के तहत बिहार के रोहतास और कैमूर जिलों में कुल पांच छात्रावास (हॉस्टल) स्वीकृत किए गए हैं। ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

राज्य का नाम	जिला एलजीडी कोड	जिले का नाम	ब्लॉक एलजीडी कोड	ब्लॉक का नाम	स्वीकृत	पूर्ण
बिहार	215	रोहतास	2023	रोहतास	1	0
बिहार	215	रोहतास	2020	नौहट्टा	1	0
बिहार	200	कैमूर	1791	चंद	1	0
बिहार	200	कैमूर	#एन/ए	अघोरा	1	0
बिहार	200	कैमूर	#एन/ए	अघोरा	1	0

(ग), (घ) और (ङ): डीएजेजीयूए योजना के तहत**,** राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों पर योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार विचार किया जाता है और उन्हें अनुमोदित किया जाता है। तद्नुसार**,** अनुसूचित जनजाति के छात्रों की शिक्षा तक पहुँच में सुधार करने के लिए रोहतास और कैमूर ज़िलों में बालक और बालिका जनजातीय छात्रावास (हॉस्टल) की स्थापना के लिए बिहार सरकार से मिले प्रस्ताव पर संबंधित मंत्रालय द्वारा योजना दिशानिर्देशों (गाइडलाइंस) के अनुसार विचार किया जाएगा।

****